दिनांकः 09.07.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- सर्वोच्च न्यायालय ने नीट–यूजी पेपर लीक मामले में केन्द्र और एनटीए से रिपोर्ट दाखिल करने सहित सीबीआई को भी जांच रिपोर्ट पेश करने को कहा–मामले की अगली सुनवाई गुरुवार को।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज रूस के राष्ट्रपति के साथ 22वें वार्षिक शिखर सम्मेलन की सह अध्यक्षता करेंगे।
- प्रदेश में पौधरोपण अभियान के तहत विभिन्न जिलों में हो रहे हैं नवाचार–शाहपुरा में एक ही दिन में आठ लाख से ज्यादा पौधे रोपे गये।
- राज्य में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश–कहीं–कहीं भारी से अति भारी बरसात दर्ज।

..................

सर्वोच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा–नीट यूजी पेपर लीक मामले में दाखिल याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए कहा कि ये सही है कि परीक्षा का पेपर लीक हुआ है। उन्होंने कहा कि दोबारा परीक्षा का आदेश देने से पहले पेपर लीक कहां से हुआ यह पता लगाना जरूरी है, शीर्ष अदालत ने कहा कि परीक्षा रद्द करना अंतिम उपाय है। अदालत ने केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी – एनटीए से न्यायालय में रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। शीर्ष अदालत ने सीबीआई से मामले में अब तक की जांच की स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने के भी निर्देश दिये हैं। इन सभी को अपनी रिपोर्ट कल तक पेश करनी होगी। मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने नीट–यूजी परीक्षा से संबंधित याचिकाओं पर कल सुनवाई की। इन याचिकाओं में परीक्षा में हुई कथित गड़बड़ी और कदाचार का आरोप तथा परीक्षा को नए सिरे से आयोजित करने का निर्देश देने की मांग भी शामिल थी। इस मामले में अब अगली सुनवाई गुरुवार को होगी। गौरतलब है कि एनटीए देश भर के सरकारी और निजी संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा – नीट यूजी का आयोजन करता है।

.................

प्रदेश के पांच नए मेडिकल कॉलेजों में इस साल से शैक्षणिक सत्र शुरू करने के लिए राज्य सरकार नेशनल मेडिकल कमिशन–एन.एम.सी. में अपील करेगी। चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि नागौर, सवाईमाधोपुर, बारां, बांसवाड़ा और झुंझुनूं में नए मेडिकल कॉलेजों में इस साल से शैक्षणिक सत्र शुरू करने के लिए भेजे गये आवेदन को मेडिकल असेसमेंट एण्ड रेंटिंग बोर्ड ने एन.एम.सी. के मापदण्डों के अनुरूप नहीं होने के कारण खारिज कर दिया हं। श्रीमती सिंह ने बताया कि राज्य सरकार इन मेडिकल कॉलेजों में सभी मानक जल्द से जल्द पूरे करने के प्रयास कर रही है, ताकि इनमें शैक्षणिक सत्र शुरू किया जा सके। उन्होंने बताया कि विधानसभा और लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के चलते इन कॉलेजों में आवश्यक मानक पूरे करने में देरी हुई है।

.................

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ मॉस्को में भारत और रूस के बीच 22वें वार्षिक शिखर सम्मेलन की सह अध्यक्षता करेंगे। वार्षिक शिखर सम्मेलन के दौरान, दोनों नेता रक्षा, व्यापार संबंध, निवेश संबंध, ऊर्जा सहयोग, शिक्षा, संस्कृति और लोगों के बीच आपसी संपर्क सहित द्विपक्षीय मुद्दों की समीक्षा करेंगे। वे आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक विकास पर भी दृष्टिकोण साझा करेंगे। इसके साथ ही ब्रिक्स, शंघाई सहयोग संगठन, जी20, पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन और संयुक्त राष्ट्र जैसे समूहों में द्विपक्षीय संबंधों की स्थिति का भी आकलन किया जाएगा। श्री मोदी आज रूस में

भारतीय समुदाय से बातचीत भी करेंगे। वह क्रेमलिन में सैनिकों को पुष्पांजलि अर्पित करेंगे और मॉस्को में प्रदर्शनी स्थल पर रोसाटॉम पवेलियन का दौरा करेंगे। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता होगी।

.................

राज्यपाल कलराज मिश्र आज शाम को राजभवन में नव नियुक्त मुख्य सूचना आयुक्त मोहन लाल लाठर को पद की शपथ दिलाएंगे। नव नियुक्त सूचना आयुक्त सुरेश चंद गुप्ता, महेंद्र कुमार पारख और टीकाराम शर्मा को भी शपथ दिलाई जाएगी।

...................

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कल कोटा के बोरखेड़ा में राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम के 132 केवी ग्रिड सब स्टेशन और काला तालाब में 33 केवी जीएसएस का लोकार्पण किया। इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि इसके बनने से बोरखेड़ा और आस–पास के गांवों में बिना रुकावट के बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि अगले पांच साल में कोटा शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध बिजली उपलब्ध होगी। उन्होंने अधिकारियों को विद्युत आपूर्ति सुव्यवस्थित करने और उपभोक्ताओं की शिकायतों को दूर करने के संबंध में निर्देश दिये। कार्यक्रम में ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर भी मौजूद रहे।

.................

प्रदेश में मॉनसून के दौरान पौधरोपण अभियान के तहत विभिन्न जिलों में कई नवाचार भी किये जा रहे हैं। अजमेर में पौधरोपण कार्यक्रम में जन सहभागिता बढ़ाने के लिए वन विभाग की ओर से एक पेड़ मां के नाम सेल्फी अभियान का नवाचार किया गया है। हमारी संवाददाता ने बताया कि प्रतियोगिता के 50 विजेताओं को जिला स्तरीय वन महोत्सव के दौरान सम्मानित किया जाएगा।

--------------

उधर, ब्यावर जिला कलेक्टर द्वारा किये गये नवाचार के तहत भारत उपवन योजना शुरू की गई है। इसके तहत पहले चरण में जिले के 5 ब्लॉक की 30 ग्राम पंचायतों में 50 हजार फलदार पौधे लगाए जाएंगे। ये योजना तीन चरण में पूरी होगी।

वहीं, शाहपुरा जिले में मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान के तहत कल एक ही दिन में आठ लाख से ज्यादा पौधे रोपे गये। हमारे संवाददाता ने बताया कि प्रशासन ने सामाजिक संगठनों और आमजन के सहयोग से ये कीर्तिमान बनाया।

---------------

प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर हो रही बारिश के कारण जलाशयों में पानी की आवक जारी है। कई स्थानों पर हल्की से मध्यम तो कहीं–कहीं भारी से अति भारी बारिश दर्ज की गयी है। जयपुर शहर में शाम को कई स्थानों पर तेज वर्षा हुई। वहीं कहीं–कहीं रिमझिम बारिश का दौर जारी रहा। आज भी कुछ स्थानों पर सुबह से ही बादल छाए हुए हैं। बूंदाबांदी भी हो रही है। जयपुर ग्रामीण क्षेत्र में कल शाम से शुरू हुआ बारिश का दौर आज भी जारी है। इससे निचले इलाकों में जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। सांचौर में देर रात तक बरसात का सिलसिला चलता रहा। जैसलमेर में हुई बारिश से मौसम खुशनुमा हो गया है। पाली में भी तेज बारिश के समाचार हैं। मौसम विभाग के अनुसार आज जयपुर, बारां, दौसा, अलवर, टोंक और सवाईमाधोपुर में बारिश की संभावना है।

....................

नए आपराधिक कानूनों के बारे में जागरुकता लाने के लिए पाली जिले के गुंदोज के डिंगाई गांव में विधिक जागरुकता शिविर आयोजित किया गया। इनमें 1 जुलाई से देश भर में लागू हुए नए कानूनों की जानकारी दी गयी। इस दौरान मौजूद विद्यार्थियों को बाल विवाह रोकथाम अभियान, निशुल्क विधिक सहायता और बालिका शिक्षा सहित कई तरह के कार्यक्रमों के बारे में बताया गया।

.....................